## संपादकीय

# अब अकेला पड़ता यूक्रेन

रूस ने पश्चिम के लोगों को बताया है कि यूक्रेन का समर्थन कर पश्चिमी सरकारों ने उनकी जिंदगी को मुश्किल बनाया है। अब ये प्रचार कारगर होता नजर आ रहा है।

ब्रिटिश अखबार द ऑब्जर्वर ने रविवार को अपने एक विशेष आलेख में पश्चिमी देशों को चेतावनी दी कि यूक्रेन युद्ध में अपनी दिलचस्पी घटा कर वे अपने लिए खतरा मोल ले रहे हैं। उस रिपोर्ट में ऐसी कई मिसालें दी गई हैं, जिनसे जाहिर होता है कि यूक्रेन युद्ध में संसाधन लगाने के खिलाफ यूरोप में अब सरकारों के खिलाफ विरोध भाव बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय जनमत किस तरह बदला है कि अब उसकी झलक एक शोध रिपोर्ट से भी सामने आई है। अध्ययन टोक्यो स्थित साइबर सिक्युरिटी एनालिसिस कंपनी- टेरीलॉजी वॉर्क्स ने किया। उसने ट्विटर के मई-जून के डेटा का विश्लेषण किया। अध्ययन में यूक्रेन और रूस के समर्थक दस- दस प्रमुख हैशटैग को शामिल किया गया। उन ट्विट्स पर ध्यान दिया गया, जिन्हें कम से कम आठ बार रीट्विट किया गया हो। निष्कर्ष यह सामने आया कि सूचना युद्ध में रूस यूक्रेन पर बढ़त बना रहा है। जब रूस ने यूक्रेन में विशेष सैनिक कार्रवाई शुरू की तो पश्चिमी देशों में बड़ी संख्या में लोगों ने यूक्रेन के पक्ष में सोशल मीडिया पोस्ट डाले। लेकिन कुछ समय बाद इसमें गिरावट आ गई।

रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण जैसे-जैसे महंगाई बढ़ी, लोगों का ध्यान यूक्रेन युद्ध से हटता जा चला गया। नतीजा है कि अब सोशल मीडिया पर रूस समर्थक आवाजें अधिक सुनाई देने लगी हैं। रूस ने इस प्रचार अभियान में एक खास रणनीति अपनाई है। उसने उन समूहों पर खास ध्यान दिया है, जो अमेरिका विरोधी भावनाएं रखते हैं। रूसी प्रचार ने उन लोगों को खूब आकर्षित किया है, जो अपने देशों की राजनीति से नाखुश हैं। इस बात की पुष्टि ब्रिटिश पत्रिका द इकॉनमिस्ट के एक सर्वे से भी हुई है। सर्वे से सामने आया कि अमेरिका में 17 प्रतिशत लोग यूक्रेन सरकार की तरफ से जारी बमबारी के वीडियो को फर्जी मानते हैं। अमेरिका के दक्षिणपंथी समूहों में यह संख्या 57 प्रतिशत तक है। रूस ने पश्चिम के लोगों को बताया है कि उनकी सरकारों ने यूक्रेन की मदद के नाम पर उनकी जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। अब ये प्रचार कारगर होता दिख रहा है।

# जेम पोर्टल से ऑनलाइन पूर्ति व भुगतान में आई तेजी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल ने गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) की प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा में यह रेखांकित किया गया कि अप्रैल 22 के बाद से सभी फिजिकल ऑर्डर में से 95 प्रतिशत से अधिक की डिलीवरी समय पर हुई, विशेषकर उन मामलों में जहां ऑनलाइन पूर्ति और भुगतान जेम के माध्यम से किया गया था।

रविवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि समीक्षा बैठक में कई अन्य बातों के अलावा, जेम के विभिन्न कार्यों के साथ-साथ खरीद और वितरण की समयावधि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

जेम के माध्यम से सभी प्रकार के लेनदेन (प्रत्यक्ष खरीद, एल1, बोलियां / व्युत्क्रम नीलामी) के लिए समय पर डिलीवरी में लगातार सुधार देखा गया है। मंत्री ने प्रारंभिक लक्ष्यों को फिर से तय करने तथा डिलीवरी के समय में और तेजी लाने के लिए सुविधाओं एवं सरकारी खरीदारों को उनकी जरूरतों के अनुसार उत्पादों का चयन करने के लिए लचीला रुख अपनाने के बारे में विशिष्ट सुझाव प्रस्तुत किए।

श्री गोयल ने जेम पोर्टल पर खरीदारों के सभी लेनदेन की पूर्ति और भुगतान को शुरू से अंत तक ऑनलाइन करने तथा समयसीमा के अनुरूप सामानों की डिलीवरी की निगरानी में सुधार करने का सुझाव दिया।

श्री गोयल ने सभी सार्वजनिक खरीद को जेम जैसे पूरी तरह से ऑनलाइन और पारदर्शी पोर्टल पर लाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बढ़ावा देकर बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था और सामाजिक समावेश को प्रोत्साहन दिया जा सके।

बैठक में संभावित मिलीभगत और धोखाधड़ी का पता लगाने और रिपोर्ट करने के लिए एआई–एमएल के उपयोग सहित सरकारी खरीद की कड़ी निगरानी करने और विसंगति का पता लगाने से सम्बंधित जेम की पहल की समीक्षा की गई। श्री गोयल ने ऐसी गतिविधियों में लिप्त खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई का सुझाव दिया।

विसंगतियों का पता लगाने के अलावा, जेम ने एआई-एमएल के अन्य उपयोग करने की भी योजना बनाई है, ताकि प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके, खरीदारों के लिए उत्पाद के बेहतर सुझाव दिए जा सकें एवं इस प्रकार सार्वजनिक खर्च में बचत सुनिश्चित की जा सके।

जेम द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन की योजना बनाई गई है, ताकि अत्याधुनिक उपयोग के तरीकों को सक्षम किया जा सके और प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर किया जा सके। मंत्री ने जेम के एमएसएमई समावेश और हर घर तिरंगा अभियान सहित कई अन्य पहलों की सराहना की।

# रिलायंस समूह की वार्षिक महासभा आज, 5जी सेवा पर बड़ी घोषणा की उम्मीद



**मुंबई।** पेट्रोलियम और दूरसंचार से लेकर खुदरा स्टोर जैसे विविध कारोबार में लगी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि (आरआईएल) के शेयरधारकों की सोमवार को होने जा रही 45वीं वार्षिक आम बैठक में रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी 5जी दूरसंचार सेवा बाजार के बारे में कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। उद्योग जगत के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरआईएल की ओर से मीडिया को जारी परामर्श के अनुसार यह बैठक 29 अगस्त को दोहपर बाद दो बजे शुरू होगी। आमंत्रित प्रतिभागी इसमें दृश्य-श्रव्य माध्यम से जुड़ सकेंगे।

इस बैठक में आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी का संबोधन दो बजे के कुछ ही देर बाद शुरू होगा। सूत्रों ने कहा,''जिस तरह सितंबर 2014 में रिलायंस जियो की 4जी सेवाएं शुरू किए जाने के समय चेयरमैन ने उस समय सस्ता डाटा देने और काल सुविधा मुफ्त करने की धमाकेधमाकेदार घोषाणा की थी , कुछ उसी तरह की बड़ी घोषणाएं जियो द्वारा कल 5जी सेवाओं के क्षेत्र में किए जाने की उम्मीद है।''

बैठक में रिलायंस समूह के चेयरमैंन के साथ आरआईएल के निदेशक मंडल के सदस्यगण, समूह की अन्य कंपनियों के संचालन मंडल के सदस्यों के अलावा रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी और अंबानी परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहने की संभावना है।

# आखिरी ओवर में 15 रन भी चाहिये होते तो मैं कर सकता था : पांड्या

**दुबई।** भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज़ और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाने के बाद कहा कि अगर टीम को अंतिम ओवर में 15 रन भी चाहिये होते तो वह सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंच सकते थे।गेंद से तीन विकेट झटकने के बाद 33(17) रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच चुने गये पांड्या ने कहा, गेंदबाजी में ज़रूरी है कि आप स्थिति का आंकलन करें और अपने मज़बूत पहलुओं का इस्तेमाल करें। छोटी गेंद और अच्छी लेंथ की गेंद मेरी मज़बूती रहे हैं। आपको इन्हें ठीक तरह से प्रयोग करते हुए बल्लेबाज़ से गलती करवानी होती है। उन्होंने कहा, इस तरह की चेज़ में आप हमेशा ओवर-दर-ओवर योजना बनाते हैं। मुझे पता था कि अभी एक युवा गेंदबाज और एक बाएं हाथ का स्पिनर बाकी है। हमें आखिरी ओवर में सिर्फ सात रन चाहिये थे लेकिन अगर 15 रन भी चाहिये होते तो मेरे अनुसार मैं सफलतापूर्वक लक्ष्य को हासिल कर सकता था।

# एमसीएक्स के कपास वायदा कारोबार पर सेबी के साथ बैठक

### जनवरी से संशोधित नियम होंगे लागू

**मुंबई ।** एमसीएक्स के कपास वायदा अनुंबधों का कारोबार आगामी जनवरी से संशोधित नियमों के आधार पर किया जाएगा।

जनवरी 2023 और उसके बाद के अनुबंध , नए संशोधित नियमों को अंतिम रूप दिए जाने तक ट्रेडिंग के लिए अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगे। यह संशोधन 30 दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगा।



बाजार विनियामक नियमों में संशोधन इस एक्सचेंज की उत्पाद परामर्श समिति के साथ विचार विमार्श कर के करेगा।

एमसीएक्स की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार संबंधित विभिन्न पहलुओं और मूल्य श्रृंखला की व्यापक भागीदारी के लिए कांट्रैक्ट की संगतता बढ़ाने के तरीकों और माध्यमों की चर्चा करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ( सेबी) , टैक्सटाइल कमिशनर, कपड़ा मंत्रालय के अधिकारियों, टैक्सटाइल परामर्श समूह (टैग), कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, सीएआई, सीआईटीआई, सीमा और एमसीएक्स एवं एमसीएक्ससीसीएल आदि जैसे उद्योग निकायों की एक संयुक्त बैठक गत 26 अगस्त को मुंबई में सेबी भवनमें आयोजित की गई थी। इस बैठक के निष्कर्षों के अनुसार एक्सचेंज द्वारा उपरोक्त के अलावा कई अन्य महत्व पूर्ण निर्णय लिए गए है। बयान में कहा गया, जनवरी और उसके बाद के कपास वायद अनुबंधों में संशोधित कांट्रैक्ट के विनिर्देशों के साथ ट्रेडिंग होगी। बयान के अनुसार एक्सचेंज की प्रोडक्ट एडवाइजऱी कमिटी (उत्पाद सलाहकार समिति) के साथ परामर्श करके कॉटन कांट्रैक्ट के विनिर्देशों की आवश्यक्ता के अनुसार फिर से जांच और संशोधन किया जाएगा।परामर्श की प्रक्रिया में टैग के सदस्य सहित अन्य हिस्सेदारों के निमंत्रितों भी शामिल किया जाएगा।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड टीम की इंजरी लिस्ट में इजाफा

### अब ये तूफानी ऑलराउंडर हुआ चोटिल

**नई दिल्ली।** अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लियाम लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड की परेशानी बढ़ा दी है। इंग्लैंड की टीम की इंजरी लिस्ट में अब लियाम लिविंगस्टोन का नाम भी शामिल हो गया है। लिविंगस्टोन टखने की चोट के कारण द हंड्रेड के बाकी सत्र से बाहर हो गए हैं। बर्मिंघम फीनिक्स के लिए वे इस टूर्नामेंट खेल रहे थे, लेकिन अब टीम ने घोषणा की कि लिविंगस्टोन सीजन के आखिरी दो लीग मैच और नॉकआउट के मैचों को मिस करेंगे। लियाम लिविंगस्टोन पिछले साल के उद्घाटन सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे और मोस्ट वैल्यूएवल प्लेयर भी बने थे। हार्ड हिटिंग बल्लेबाज और स्पिन गेंदबाज का इस सीजन के बाकी बचे मैचों से बाहर होना न सिर्फ बर्मिंघम फीनिक्स के लिए झटका है, बल्कि इंग्लिश टीम के लिए भी बड़ी परेशानी है, क्योंकि अक्टूबर में टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए जाने से पहले पाकिस्तान के दौरे पर 7 टी20 मैच खेलेगी।



तूफानी बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने अपने ट्विटर पर लिखा, द हंड्रेड से बाहर होने के कारण निराश हूं। एक ऐसा टूर्नामेंट जिसमें मुझे खेलना पसंद है! मैं जल्द से जल्द वापस आने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा, लेकिन अभी के लिए मैं बर्मिंघम फीनिक्स की तरफ से सपोर्ट करूंगा! उनकी चोट की अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस ग्रेड की इंजरी है, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 सीरीज में उनका खेलना संदिग्ध है।

बता दें कि 29 वर्षीय लियाम लिविंगस्टोन से पहले इंग्लैंड की व्हाइट बॉल टीम के कैप्टन जोस बटलर काफ इंजरी के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए थे और वे पाकिस्तान के दौरे पर भी नहीं जाएंगे। वहीं, टीम के ओपनिंग बैटर जेसन रॉय भी शनिवार को बैक इंजरी की वजह से ओवल इनविन्सिबल्स की टीम से बाहर हो गए थे।

# भारतीय टीम के लेग स्पिनर का बड़ा फैसला, अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के लेग स्पिनर राहुल शर्मा ने खेल के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की। पंजाब के रहने वाले राहुल ने 2011 में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, और वह भारत के लिये चार एकदिवसीय और दो टी20 मुकाबले खेल चुके हैं। राहुल अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद अब रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ में नजऱ आयेंगे।

राहुल ने सन्यास की घोषणा करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने सबसे ऊंचे स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मुझे इस परिवार में जगह देने के लिये बीसीसीआई का धन्यवाद। देश के लिये खेलना किसी भी खिलाड़ी का मूल लक्ष्य होता है। मैं खुश हूं कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सका।

उन्होंने कहा, भारतीय टीम की नीली जर्सी पहनना मेरे लिये सबसे यादगार क्षण था। मैं हमेशा इस याद को संजोकर रखूंगा। गौतम गंभीर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, महेंद्र सिंह धोनी, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, रोहित शर्मा, विराट कोहली और सभी खिलाडिय़ों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना मेरा सौभाग्य था।

राहुल ने अपने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत साल 2010 में डेक्कन चार्जर्स की ओर से खेलते हुए की थी। वह उस समय बेल्स पाल्सी नामक बीमारी से जूझ रहे थे, जिसमें चेहरे की मांसपेशियां अस्थायी रूप से कमज़ोर हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि डेक्कन चार्जर्स में उनके तत्कालीन कप्तान एडम गिलक्रिस्ट ने उनकी सहायता की और उन्हें खेलते रहने के लिये प्रेरित किया।

# कंगना रनौत की इमरजेंसी से रिवील हुआ नए एक्टर का लुक




कंगना रनौत आजकल अपनी नयी फिल्म को लेकर सुखिर्यों में हैं। जी दरअसल उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' आने वाली है और वह इस पर जोरों से काम कर रही हैं। एक तरफ तो फिल्म की शूटिंग चल रही है, वहीं, दूसरी तरफ कंगना फिल्म में शामिल होने वाले कलाकारों के फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर करती आ रही हैं। अभी हाल ही में उन्होंने नए एक्टर और किरदार का खुलासा किया है। जी दरअसल उन्होंने इस किरदार का फर्स्ट लुक शेयर किया है जो आप देख सकते हैं। कंगना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर सैम मानेकशॉ के रूप में मिलिंद सोमन के लुक को रिवील किया। जी हाँ और फिल्म के पोस्टर में मिलिंद सोमन को शार्प मूंछों और यूनिफॉर्म में देखा जा सकता है।

मिलिंद का यह लुक आपको फिल्म के लिए एक्साइटेड जरूर कर देगा। जी हाँ और पोस्टर को शेयर करते हुए, कंगना रनौत ने लिखा, डायनैमिक मिलिंद सोमन को सैम मानेकशॉ के रूप में प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है। इसी के साथ कंगना रनौत ने आगे लिखा, वह व्यक्ति जिसने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत की सीमाओं को बचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जिसकी सेवा उसकी ईमानदारी के रूप में प्रतिष्ठित थी; एक आकर्षक, एक युद्ध नायक और इमरजेंसी में एक दूरदर्शी नेता।

# मिसेज फलानी में नौ भूमिकाएं निभाएंगी स्वरा भास्कर, शेयर किया पोस्टर



अभिनेत्री स्वरा भास्कर बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में हैं जो अपनी बात बेबाकी से कहती हैं। राजनीति से लेकर सामाजिक मुद्दों पर वह अपनी राय खुलकर रखती हैं। स्वरा ने महिलाओं और उनकी इच्छाओं पर आधारित कई फिल्में की हैं। उनकी झोली में एक बार फिर से ऐसी ही एक फिल्म आई है। फिल्म का नाम मिसेज फलानी है। यह फिल्म स्वरा के लिए खास इसलिए है क्योंकि इस फिल्म में वह नौ किरदार निभाने जा रही हैं।

मिसेज फलानी में स्वरा को नौ अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का मौका मिलेगा। इस फिल्म को साइन करके वह बेहद उत्साहित हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। आज पूरा दिन उत्साह भरा रहेगा।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होने का योग है। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। प्रेमी के साथ रिश्ते मधुर होंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। एकाग्रता से किया गया काम सफल होगा। प्रेमीजन के लिए दिन बढिय़ा है। साथी से कोई उपहार मिलेगा। नौकरी पेशा लोगों को कार्यों में अधिकारियों से मदद मिलेगी।

***कर्क :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा ना करें। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। कोई रुका हुआ काम पूरा होगा जिससे आप राहत महसूस करेंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। आप सबकी नजरों में अच्छे बने रहेंगे। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान करने की योजना बनाएंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने पर रिश्तों में पॉजिटिविटी आएगी। व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

***तुला :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपका ध्यान पहले से रुके हुए कार्यों को पूरा करने में लगेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर सहकर्मियों से विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के छात्रों को दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप जो भी काम शुरू करेंगे उसे कम समय पर पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगा। मानवीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया गया कार्य आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। किसी समारोह में आपकी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके लिए बहुत खास साबित होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। घर पर ही परिवार वालों के साथ डिनर का आनंद लेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी विषय पर लंबी बातचीत होगी। साथ ही किसी कार्य की योजना भी बनाएंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन बढिय़ा है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वो पूरा हो जाएगा।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मन में किसी बात को लेकर उत्साह बना रहेगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं उनकी किस्मत चमक सकती है। किसी कार्य में कुछ लोग आपकी मदद करने में आनाकानी करेंगे।

# छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पकवान 'देहरोरी'



देहरौरी छत्तीसगढ़ की ट्रेडिशनल डिश है जिसे खास मौकों पर बनाया जाता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले इस व्यंजन को आप भी घर में कर सकते हैं ट्राय, जान लें इसकी विधि।

### सामग्री :

**बैटर के लिए**

1 कप चावल, 1/2 कप दही, 2 टेबलस्पून कैलिफोर्निया वॉलनट पाउडर, सिरप के लिए, 2 कप शक्कर

1 कप पानी, 1 टीस्पून नींबू का रस, 1/4 टीस्पून हरी इलायची पाउडर, 1/4 कप घी तलने के लिए

### विधि :

1. चावल को 2 घंटे के लिए पानी में भिगो दें।
2. छने हुए दही और वॉलनट के पाउडर के साथ दरदरा पेस्ट बना लें।
3. एक ढक्कन से ढकें और फर्मेंट होने के लिए रातभर किसी गर्म स्थान पर रख दें।
4. गहरे तली के पैन को मीडियम आंच पर रखें और उसमें चीनी और पानी डालें। मिश्रण को तब तक गर्म करें जब तक कि गाढ़ी चाशनी न तैयार हो जाए। इसमें नींबू का रस और हरी इलायची पाउडर डालें। फिर आंच बंद कर दें और आगे उपयोग होने तक एक तरफ रख दें।
5. एक गहरे तले की कड़ाही लें। उसे मध्यम आंच पर रखें और उसमें घी गर्म करें। इस बीच, चावल-दही-वॉलनट के मिश्रण से छोटे पैनकेक बना लें। इन पैनकेक को गरम घी में धीरे से डुबाकर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक तल लें।
6. तले हुए पैन केक को तुरंत चाशनी में डालें और चाशनी में भीगने दें।
7. एक बार हो जाने के बाद, कटे हुए कैलिफोर्निया वॉलनट्स से गार्निश करें।

## शब्द सामर्थ्य- 178

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 177 का हल**



## सू-दोकू- 178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.177 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |